## खबर संक्षेप

### पुलिस पेट्रोल पंप सेक्टर-6 में जमकर हंगामा



**भिलाई।** सेक्टर 6 स्थित पुलिस पेट्रोल पंप में गुरुवार देर रात जमकर हंगामा हुआ। पेट्रोल लेने पहुंचे युवक के साथ पहले सड़क किनारे मारपीट की गई। जब युवक पेट्रोल पंप पहुंचा तो विवाद बढ़ गया। वीडियों में पेट्रोल पंप का एक कर्मी भी डंडा लेकर भागता नजर आ रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी कर्मी बीएस श्रीनिवास राव ने बताया कि कार सीजी 07 सीवाई 4612 से रात 11:35 बजे सेक्टर-6 की तरफ जा रहे थे। परिवार चौक के पास दो बाइक में सवार 4 युवक पहुंचे। आरोपियों ने नशे के लिए पैसों की डिमांड की। मना करने पर थप्पड़ जड़ दिया। घटना के बाद श्रीनिवास राव सेक्टर-6 पुलिस पेट्रोल पंप पहुंचा। चारों युवक वहां मौजूद थे। कर्मियों ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की। पेट्रोल पंप के कर्मी और आरोपियों के बीच भी झूमाझटकी हुई। मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई। दो आरोपी युवक फरार हो गए। इसके अलावा दो को पकड़ा गया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम नाम कोसा नगर सुपेला निवासी रितिक चौहान और नेहरु नगर निवासी अभिषेक वासनिक बताया है।

### मोबाइल टावर से कॉपर चोरी करने वाले धरे गए



**भिलाई।** मोबाइल से कॉपर केबल चोरी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नेवई बस्ती वार्ड 33 निवासी सन्नी गुप्ता, सूर्य नगर, स्टेशन मरौदा वार्ड 21 मिलन कुमार निर्मलकर, किशन यादव, विजय चौक, स्टेशन मरौदा नेवई अरूण खुटेल और एक विधि बालक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने स्वीकार किया कि ग्राम मचांदुर, घुघसीडीह,पतोरा में लगे मोबाईल टावरों से कॉपर केबल चोरी करते थे। पहले मोबाइल टावरों की रेकी कर केबल पार किया करते थे। चोरी किए गए केबल को बेचकर रकम को आपस में बाट लिया करते थे। बालक की निशानदेही पर दो पहिया वाहन, केबल काटने का उपकरण समेत अन्य सामान बरामद किया गया।

### कुम्हारी अग्निकांड में जांच की दिशा बदलने की शिकायत

**भिलाई।** कुम्हारी में हुए अग्निकांड में परिवार के चार लोगों की मौत मामले में जांच शुरू हो गई है। हादसे में अनिल उर्फ होमदास वैष्णव, उसकी दो बेटियां और डेढ़ साल की नातिन की मौत हो गई थी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को माना गया था। घटना के बाद दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने 6 सदस्यीय जांच कमेटी बनाई और 3 दिन के अंदर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। लेकिन जांच प्रक्रिया पर ही सवाल उठने लगे हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जांच के दौरान उनसे बिना पूरी जानकारी दिए साइन करवाए गए और बयान बदलने पर धमकाया जा रहा है। आरोप पर अधिकारियों ने क्रॉस वेरीफाई कराने की बात कही। पीड़ित गौतम वैष्णव के मुताबिक मीटर से घर पर आग लगी है। टीम को ऐसा बयान दिया तो मेडम ने कहा कि ऐसा नहीं है। गलत बोलेगे तो थप्पड़ जड़ने तक की बात कहकर पन्ने में हस्ताक्षर करवा कर चली गई। जांच वाले पहुंचते ही गौतम को अलग ले जाकर साइन कराया। उनसे गौतम ने पूछा क्या लिखा है तो ठीक से नहीं बताया। फिर एक मैडम बोलीं कि बयान बदला तो थप्पड़ जड़ूंगी।

# विहान महिला समूहों की आत्मनिर्भरता से प्रभावित हुए राज्यपाल रमेन डेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर बेमेतरा पहुंचे, जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन "विहान" के अंतर्गत संचालित महिला स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान राज्यपाल ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता, मेहनत और आत्मविश्वास की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उन्हें ग्रामीण विकास की मजबूत आधारशिला बताया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई एवं एसएसपी रामकृष्ण साहू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे। महिला समूहों की दीदियों ने राज्यपाल को जैविक खेती, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, लघु उद्योग एवं स्थानीय उत्पाद निर्माण जैसी विभिन्न आजीविका गतिविधियों की जानकारी दी। महिलाओं ने बताया कि "विहान" योजना से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आर्थिक एवं सामाजिक बदलाव आया है और अब वे परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला समूहों की सफलता की कहानियों को सुनकर राज्यपाल रमेन डेका ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को साकार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना समाज और राष्ट्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### ग्रामीण महिलाओं की खुलकर की सराहना



#### आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने का संदेश

राज्यपाल ने महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता की भी प्रशंसा की और उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के लिए बेहतर मार्केट लिंकिंग एवं प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय उत्पादों को उचित मंच मिले तो ग्रामीण महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इस अवसर पर राज्यपाल ने महिलाओं को निरंतर आगे बढ़ने और अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिला समूहों के उत्साह और समर्पण ने सभी को प्रभावित किया।

**आयोजन**

**महिला सशक्तीकरण से लेकर टीबी उन्मूलन तक दिए अहम निर्देश**

# राज्यपाल रमेन डेका ने की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका ने शनिवार को बेमेतरा जिले में शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी एवं जनहितकारी योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और कोई भी पात्र हितग्राही जानकारी के अभाव या प्रशासनिक जटिलताओं के कारण वंचित न रहे। राज्यपाल ने बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और पात्र हितग्राहियों के सही चयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सर्वे और चयन प्रक्रिया इतनी मजबूत हो कि वास्तविक जरूरतमंदों को प्राथमिकता मिल सके। साथ ही ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश भी दिए।

**महिला आजीविका और स्वरोजगार को बढ़ावा:** राज्यपाल ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने 'बिहान' एवं अन्य आजीविका मिशनों के माध्यम से महिलाओं को बैंक लिंकेज, कम ब्याज ऋण और रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि महिलाओं और युवाओं को पारंपरिक कार्यों तक सीमित न रखते हुए डिजिटल साक्षरता, वित्तीय प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि वे रोजगार खोजने वाले नहीं बल्कि रोजगार सृजित करने वाले बन सकें।

**युवाओं के हुनर को तराशने पर फोकस:** राज्यपाल ने कौशल विकास, स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'मुद्रा योजना' और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत युवाओं को आसान ऋण और मेंटरशिप उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिला स्तर पर नियमित रोजगार मेलों के आयोजन कर स्थानीय उद्योगों से युवाओं को जोड़ा जाए।

**सड़क सुरक्षा को बताया बड़ी चुनौती:** बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए राज्यपाल ने 'थ्री-ई मॉडल' के तहत सड़क सुरक्षा पर ठोस पहल करने कहा। उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सड़कों का सुधार, साइन बोर्ड और स्पीड ब्रेकर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने तथा 'गुड सेमरीटन' नीति के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया, ताकि दुर्घटना के बाद 'गोल्डन ऑवर' में पीड़ितों को तत्काल सहायता मिल सके।

**टीबी मुक्त भारत के लिए माइक्रो प्लानिंग:** राज्यपाल ने टीबी उन्मूलन को लेकर विशेष कार्ययोजना तैयार करने कहा। उन्होंने ग्रामीण, आदिवासी और मलिन बस्तियों में घर-घर जाकर टीबी मरीजों की पहचान करने और उन्हें बेहतर इलाज एवं पोषण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों और अधिकारियों को 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी मरीजों को गोद लेने और अतिरिक्त पोषण सहायता देने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

#### जल संचयन और भूजल संरक्षण पर विशेष जोर

बढ़ती गर्मी और गिरते भूजल स्तर पर चिंता जताते हुए राज्यपाल ने जल संचयन को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। उन्होंने डबरी निर्माण, छोटे तालाब, चेक डैम और गैबियन संरचनाओं के निर्माण पर जोर दिया। साथ ही सभी शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने तथा 'अमृत सरोवर' योजना के तहत बड़े तालाबों के निर्माण एवं पुनरुद्धार के कार्यों को प्राथमिकता देने कहा।

**विद्यार्थियों में योग, खेल और एनसीसी की भावना विकसित करने के निर्देश:** राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए योग, खेलकूद, एनसीसी और एनएसएस जैसी गतिविधियों में उनकी भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि योग से विद्यार्थियों की एकाग्रता और मानसिक क्षमता बढ़ती है, जबकि खेलकूद अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करता है। वहीं एनसीसी और एनएसएस युवाओं में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक दायित्व और अनुशासन की भावना पैदा करते हैं। बैठक के अंत में राज्यपाल ने अधिकारियों से सेवा भाव और मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए कहा कि योजनाओं का उद्देश्य केवल आंकड़े पूरा करना नहीं, बल्कि आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना होना चाहिए।

**20 मई को दवा दुकानों का भारत बंद**

# ऑनलाइन फॉर्मेसी के खिलाफ 12.40 लाख केमिस्टों का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



देशभर में 20 मई को दवा दुकानों के बंद रहने की संभावना है। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के नेतृत्व में 12 लाख 40 हजार से अधिक केमिस्ट ऑनलाइन फॉर्मेसी और कॉरपोरेट कंपनियों की भारी छूट नीति के विरोध में 'भारत बंद' करने जा रहे हैं। इस बंद का असर शहरों से लेकर गांव-कस्बों तक देखने को मिल सकता है। ऐसे में लोगों से जरूरी दवाइयां पहले ही खरीद लेने की अपील की गई है।

- बिना प्रिसक्रिप्शन बिक रही दवाओं पर जताई चिंता

दवा विक्रेताओं का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिना डॉक्टर की वैध पर्ची के शेड्यूल-एच और नारकोटिक दवाइयां आसानी से उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसका गलत उपयोग बढ़ता जा रहा है। केमिस्टों के मुताबिक नाबालिगों और नशे के आदी लोगों तक भी ऐसी दवाइयां पहुंच रही हैं, जो समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। संघ ने आरोप लगाया कि ई-फॉर्मेसी कंपनियां कोरोना काल में लागू किए गए अस्थायी नियमों का अब भी फायदा उठा रही हैं। वहीं दूसरी ओर बड़ी कॉरपोरेट कंपनियां भारी डिस्काउंट देकर छोटे दवा कारोबारियों को आर्थिक रूप से कमजोर कर रही हैं। मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे मेडिकल स्टोर लगातार नुकसान झेल रहे हैं और कई दुकानों पर बंद होने का संकट मंडरा रहा है।

बेमेतरा जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष दिनेश दुबे एवं सचिव नवीन अग्रवाल ने कहा कि यह आंदोलन केवल व्यापार बचाने का नहीं बल्कि मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। संगठन ने मांग की है कि कोरोना काल की अधिसूचना और ऑनलाइन फॉर्मेसी को राहत देने वाली अधिसूचना को तत्काल निरस्त किया जाए तथा दवाओं पर अनियंत्रित छूट पर रोक लगाई जाए।

दवा विक्रेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 20 मई तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिससे देशभर की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

# बेरला पॉलिटेक्निक कॉलेज का वृक्षारोपण अभियान फेल पानी और देखरेख के अभाव में सूख गए सैकड़ों पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से बेरला स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में किया गया वृक्षारोपण अभियान अब बदहाल स्थिति में नजर आ रहा है। कॉलेज प्रबंधन और वन विभाग द्वारा विगत वर्ष लगाए गए सैकड़ों पौधे देखरेख और नियमित पानी नहीं मिलने के कारण सूखकर नष्ट हो चुके हैं।

कॉलेज परिसर और पहुंच मार्ग को हरा-भरा बनाने के लिए बड़े उत्साह के साथ पौधरोपण किया गया था, लेकिन पौधे लगाने के बाद उनकी सुरक्षा और सिंचाई की व्यवस्था नहीं की गई। भीषण गर्मी और पानी के अभाव में अधिकांश पौधे दम तोड़ चुके हैं। वर्तमान में परिसर में हरियाली की जगह सूखे ठूंठ दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर पौधों की देखभाल की जाती तो आज परिसर की तस्वीर अलग होती। लोगों ने आरोप लगाया कि वृक्षारोपण अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया और जिम्मेदार अधिकारी पौधे लगाने के बाद उन्हें भूल गए। क्षेत्रवासियों ने मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई तथा दोबारा व्यवस्थित तरीके से पौधरोपण कर स्थायी देखरेख की व्यवस्था करने की मांग की है।

# 49 पौवा शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसते हुए बेमेतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना नांदघाट पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तरपोंगी तिराहा में छापेमार कार्रवाई कर एक युवक को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सफेद रंग के थैले में अवैध शराब रखकर बिक्री करने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही थाना नांदघाट एवं साइबर सेल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान तोषण कुमार मिरी (29 वर्ष), निवासी धोबघट्टी थाना नांदघाट के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 37 पौवा अंग्रेजी शराब एवं 12 पौवा देशी मसाला शराब बरामद की गई। कुल 49 पौवा शराब की मात्रा 8,820 मिलीलीटर बताई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 5,640 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक खुलेश्वर गायकवाड, योगेश यादव सहित थाना नांदघाट एवं साइबर सेल की टीम की सराहनीय भूमिका रही। बेमेतरा पुलिस ने कहा है कि जिले में अवैध शराब, नशीले पदार्थों और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**बारिश के बाद खरीफ तैयारी में जुटे जिले के अन्नदाता**

# बेमौसम बारिश बनी किसानों के लिए वरदान मिट्टी में नमी आते ही खेतों में तेज हुई जुताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भीषण गर्मी और तेज धूप से झुलस रहे बेमेतरा जिले में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। मई माह में हुई बेमौसम बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं ग्रामीण अंचलों के किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई। बारिश के बाद खेतों की मिट्टी में पर्याप्त नमी आने से खरीफ फसल की तैयारियों में तेजी आ गई है और किसान अब पूरे उत्साह के साथ खेतों की जुताई में जुट गए हैं।

जिले के गांवों में इन दिनों ट्रैक्टरों की गड़गड़ाहट और हल-बैल की आवाजें सुनाई देने लगी हैं। लंबे समय से सूखी और कड़ी हो चुकी जमीन बारिश के बाद नरम हो गई है, जिससे खेतों की जुताई आसान हो गई है। किसानों का कहना है कि इस बारिश से उन्हें डीजल और समय दोनों की बचत हो रही है तथा खेतों की प्रारंभिक तैयारी बेहतर तरीके से हो पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-किसानी की गतिविधियां अचानक तेज हो गई हैं। किसान आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए खेत समतलीकरण, जुताई और अन्य कृषि कार्यों में जुट गए हैं। मौसम की इस मेहरबानी से किसानों में बेहतर फसल उत्पादन की उम्मीद भी बढ़ गई है।

हालांकि खरीफ फसल की बुआई में अभी समय है, लेकिन समय पूर्व मिली नमी ने किसानों को तैयारी का बेहतर अवसर दे दिया है। वहीं दूसरी ओर जिले में कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध नहीं होने की समस्या किसानों की चिंता का कारण बनी हुई है। इसके बावजूद मौसम की इस राहत ने अन्नदाताओं में नई ऊर्जा और उम्मीद का संचार कर दिया है।

# खाद-बीज संकट को लेकर किसान नेता कृष्णा राठी ने सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं किसान नेता कृष्णा राठी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और खाद्यमंत्री रामविचार नेताम से किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से केसीसी ऋण अंतर्गत पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराने की मांग की है।

कृष्णा राठी ने कहा कि पूर्व में अप्रैल माह तक समितियों में खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण कर लिया जाता था और किसानों को अग्रिम उठाव की सुविधा भी मिलती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से किसानों को खाद और बीज के लिए लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को फसल बोनी के समय तक समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि खाद की कमी के कारण कई किसान बिना खाद के ही बीज बोने को मजबूर हैं, जबकि कई किसानों को खुले बाजार से अधिक कीमत पर खाद खरीदनी पड़ रही है। इससे किसानों की लागत बढ़ रही है और फसल उत्पादन पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।

कृष्णा राठी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर सरकार खुद को किसान हितैषी बताती है और सुशासन तिहार का आयोजन कर रही है, वहीं दूसरी ओर किसान मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। उन्होंने कहा कि खाद संकट के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और अन्नदाता वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। किसान नेता ने राज्य सरकार से किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और समय रहते खाद-बीज की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### नशामुक्ति से जुड़ी जानकारी प्रशासनिक अफसरों को दी

**दुर्ग।** सर्किट हाउस में जिला प्रभारी सचिव आईएएस सोनमणि बोरा के प्रवास के दौरान दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह की उपस्थिति में कल्याणी नशामुक्ति केंद्र के निदेशक अजय कल्याणी व उनकी टीम ने भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रभारी सचिव को नशामुक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस विशेष अवसर पर उन व्यक्तियों से भी मुलाकात की गई जो नशे के चंगुल से मुक्त होकर अब समाज की मुख्यधारा में लौट चुके हैं।

### पाइपलाइन में लीकेज, 19 व 20 को पेयजल बाधित

**दुर्ग।** बघेरा स्थित पानी टंकी के पास बड़ी पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण शुद्ध पेयजल का व्यापक स्तर पर बहाव हो रहा है, जिससे जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित हुई है। स्थिति को देखते हुए निगम द्वारा पाइप लाइन रिपेयरिंग कार्य अत्यावश्यक रूप से कराया जा रहा है। 19 और 20 मई को इसका मेंटेनेंस किया जाएगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। निगम प्रशासन द्वारा आवश्यकता अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी।

### कोसानाला मंदिर में शुरू किया प्याऊ

**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई द्वारा शनिवार को कोसानाला मंदिर परिसर में राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए प्याऊ की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए क्लब ने मंदिर परिसर में मिट्टी के मटके रखवाए, ताकि भगवान के दर्शन के लिए आने-जाने वाले लोगों को शीतल जल मिल सके। कोसानाला मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना रहता है। तेज धूप में दर्शन के लिए पहुंचने वाले लोगों को प्यास लग जाती है।

**पौधारोपण**

**एक पेड़ मां के नाम' अभियान में राज्यपाल ने लगाया आंवले का पौधा**

# राज्यपाल रमेन डेका ने बेमेतरा में किया पौधरोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने अपने बेमेतरा प्रवास के दौरान स्थानीय सर्किट हाउस परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने आंवले का पौधा लगाकर धरती को हरा-भरा बनाने और प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

पौधरोपण के बाद राज्यपाल श्री डेका ने उपस्थित अधिकारियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के आधार हैं। बदलते मौसम चक्र, बढ़ते प्रदूषण और वैश्विक तापमान जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान भावनात्मक जुड़ाव के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।



राज्यपाल ने कहा कि मां के सम्मान में लगाया गया पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदायी साबित होगा। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाए तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आमजनों से भी अपील की कि वे मानसून और विशेष अवसरों पर पौधरोपण करें तथा पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी जिम्मेदारी निभाएं। राज्यपाल की इस पहल को उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक सकारात्मक संदेश बताया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, साजा विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, डीआईजी राम कृष्ण साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम की सराहना करते हुए हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

### न्याय की आस में राज्यपाल का काफिला रुकवाने दौड़ा पीड़ित

**बेमेतरा।** शहर के बाजारपारा निवासी फारूक अली अपनी पुश्तैनी जमीन पर कथित कब्जे को लेकर पिछले 13 दिनों से तहसील कार्यालय के सामने अन्न त्याग कर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। रविवार को उन्होंने न्याय की उम्मीद में राज्यपाल के काफिले को रोककर अपनी पीड़ा सुनाई और आवेदन सौंपा। फारूक अली का आरोप है कि वार्ड क्रमांक 21 स्थित उनके पूर्वजों की करीब 50 साल पुरानी जमीन पर दूसरे व्यक्ति द्वारा कब्जा कर बाउंड्री वॉल बनाई जा रही है। मामले की जानकारी मिलने पर उन्होंने तहसील कार्यालय, कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस निराकरण नहीं हुआ। पीड़ित का कहना है कि प्रशासन जमीन को घास जमीन और शासकीय भूमि बता रहा है, जबकि उसी जमीन का आबंटन दूसरे व्यक्ति को कैसे कर दिया गया, यह बड़ा सवाल है। प्रशासनिक उदासीनता से नाराज होकर फारूक अली भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। रविवार को राज्यपाल के बेमेतरा आगमन की सूचना मिलते ही फारूक अली धरना स्थल से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। समीक्षा बैठक समाप्त होने के बाद जब राज्यपाल का काफिला रवाना हो रहा था, तब उन्होंने दौड़कर काफिला रुकवाने की कोशिश की। पीड़ित की स्थिति देखकर राज्यपाल ने काफिला रुकवाया और उनका आवेदन स्वीकार किया। फारूक अली ने बताया कि राज्यपाल ने मामले के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया है। अब पीड़ित परिवार को उम्मीद है कि लंबे समय से लंबित विवाद में उन्हें न्याय मिल सकेगा।

### राज्यपाल रमेन डेका का बेमेतरा में भव्य स्वागत



**बेमेतरा।** राज्यपाल रमन डेका के बेमेतरा आगमन पर जनसेवक शिवम तिवारी ने उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। माता भद्रकाली की पावन धरा पर आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में महामहिम ने समाजसेवा और जनकल्याण को जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य बताया। राज्यपाल श्री डेका ने उपस्थित लोगों को समाज के उत्थान और क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और युवाओं को समाजहित में आगे आना चाहिए। इस दौरान शिवम तिवारी ने राज्यपाल से आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्यपाल के संदेश को आत्मसात कर वे क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम में समाजसेवी राजेंद्र खुराना, उत्तम महेश्वरी, राजा आशीष गुप्ता तथा भद्रकाली मंदिर के पुजारी सन्नी महाराज सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**कुरूद व नेहरू नगर में नहर से लेकर तालाब तक की जमीन बेच दी**

# नहर से लेकर तालाब तक की जमीन खा गए भू-माफिया, बिकने के बाद जाग रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले में सबसे अधिक अवैध प्लॉटिंग भिलाई में वैशाली नगर विधानसभा में हो रही है। यहां कुरूद व नेहरू नगर में नहर से लेकर तालाब तक की जमीन को काटकर बेच दी गई, लेकिन अधिकारी उसे रोकने के लिए नहीं जागे। जब लगातार अखबारों में खबरे प्रकाशित हुई तो वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने इस कार्रवाई की बात कही। उनकी मौजूदगी में कलेक्टर, भिलाई निगम कमिश्नर और अन्य अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाने की रणनीति और कार्रवाई को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कई अवैध प्लाटिंग स्थलों को पहले ही ध्वस्त किया जा चुका है। प्रशासन को लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलता रहेगा।बैठक में यह बात सामने आई कि प्रशासन की कड़ी कार्रवाई के बावजूद भूमाफिया सक्रिय हैं। वे आम जनता को कम कीमत और सस्ती दरों का लालच देकर बिना वैध अनुमति वाले प्लाट बेच रहे हैं। सीधे-सादे लोग उनके इस जाल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं।



### धड़ल्ले से चल रही अवैध प्लॉटिंग

विधायक की अपील और निगम की कार्रवाई के बाद भी कुरुद, कैलाश नगर, कोहका, खंडेलवाल भवन के पास, केपीएस स्कूल के पीछे, इंदू अईटी स्कूल के पीछे, कुरुद में दारू भट्टी रोड में, गोकुलधाम, नेहरू नगर, जामुल जैसे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग हो रही है। इसको लेकर कई बार खबरें प्रकाशित हुईं, निगम की टीम खानापूर्ति करने कार्रवाई करने भी पहुंची, लेकिन वहां फिर से कच्चा रोड रास्ता तैयार कर वहां प्लॉटिंग की गई।

### विधायक ने की अपील खरीदी से पहले करें जांच

विधायक रिकेश सेन ने आम नागरिकों से अपील की है कि सस्ती दरों के कारण किसी भी प्लाट को खरीदने का फैसला न करें। जमीन या प्लाट खरीदने से पहले टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम तथा अन्य संबंधित सरकारी विभागों से उसकी वैधानिक स्थिति और एप्रूवल की जांच अवश्य करें। अवैध प्लाटिंग में प्लॉट लेने से नगर निगम से मकान का नक्शा पास नहीं होता। बिजली-पानी का कनेक्शन मिलने में भारी समस्या होती है। साथ ही सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाएं कभी विकसित नहीं हो पातीं। ऐसी जमीनों पर हमेशा कानूनी विवाद, अवैध कब्जे की समस्या और रजिस्ट्री संबंधी अड़चनें बनी रहती हैं।

### दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी करते पुलिस ने दो युवक को पकड़ा है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि नयापारा चौक दुर्ग के पास वाहन चेकिंग करते समय घेराबंदी युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम शिवपारा सात इमली पेड़ के पास दुर्ग निवासी . उमेश यादव उर्फ दादू, चंडी मंदिर के पास शिवपारा, दुर्ग दिनेश ठाकुर बताया है। आरोपियों के पास रखे सफेद रंग के प्लास्टिक बैग की तलाशी लेने पर उसमें तीन पैकेट में गांजा, एक धारदार हथियार, मोबाइल बरामद किया। कुल 2 किलो 176 ग्राम गांजा की कीमत 1 लाख 8 हजार 800 रुपये, जब्त किया।

### 18 से 25 तक गरिमा उत्सव

**दुर्ग।** जिले में 18 से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव जनभागीदारी अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान जन भागीदारी सबसे दूर सबसे पहले थीम पर आधारित राष्ट्रीय स्तर पर आईईसी कैम्पेन के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

## अमरकंटक में मिले 8 लाख के अमेरिकी डॉलर, यात्री को लौटाया



**भिलाई।** आरपीएफ ने ऑपरेशन अमानत के तहत अमरकंटक एक्सप्रेस में सफर कर रहे बुजुर्ग यात्री का लाखों रुपए का सामान ट्रेन में छूट गया। दुर्ग स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ जवानों ने बैग बरामद कर जांच के बाद उसे सुरक्षित यात्री के परिजनों को सौंप दिया। अआरपीएफ प्रभारी संजीव सिन्हा ने बताया कि बैग में डॉलर, ऐपल टैब, विदेशी दवाइयां, सोने की अंगूठी समेत कुल 8 लाख 27 हजार 800 रुपए का सामान मिला। 16 मई को ट्रेन नंबर 12854 अमरकंटक एक्सप्रेस में जबलपुर निवासी 75 वर्षीय अवतार सिंह अपने परिवार के साथ ए-2 कोच की बर्थ नंबर 13 और 14 पर सफर कर रहे थे। उन्हें उसलापुर स्टेशन पर उतरना था। स्टेशन आने पर वे अपने बाकी सामान के साथ उतर गए, लेकिन जल्दबाजी में एक काले रंग का बैग ट्रेन में ही भूल गए। ट्रेन जब दुर्ग स्टेशन पहुंची तो वहां ड्यूटी पर मौजूद महिला आरक्षक शारदा और आरपीएसएफ आरक्षक प्रसंजीत विश्वास ने कोच की जांच की। इस दौरान कोच अटेंडेंट ने उन्हें एक लावारिस बैग की जानकारी दी। आरपीएफ जवानों ने बैग को अपने कब्जे में लेकर जांच की। बैग खोलने पर उसमें कई महंगे सामान मिले। बैग में 25 अमेरिकी डॉलर के 100-100 डॉलर वाले नोट,जिनकी भारतीय कीमत करीब 2 लाख 30 हजार रुपए, करीब 3 लाख 12 हजार 800 रुपए कीमत का ऐपल टैब, लगभग ढाई लाख रुपए की विदेशी दवाइयां, 25 हजार रुपए कीमत की सोने की अंगूठी, करीब 10 हजार रुपए का अन्य सामान भी मौजूद था। यात्री को मोबाइल नंबर से कॉल कर संपर्क किया गया।

## साईं मंदिर समिति के अध्यक्ष और महासचिव का होगा चुनाव, 24 मई को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

176 सदस्यों वाले साई मंदिर समिति सिविल लाइन कसारीडीह में अध्यक्ष और महासचिव के पद पर चुनाव होगा। इसके लिए 24 मई को मत डाले जाएंगे। उसी दिन मतगणना होगी। चुनाव में अध्यक्ष पद पर श्रीकांत समर्थ और धनेंद्रकांत चंदेल के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं महासचिव के पद पर धीरेंद्र शर्मा और सुधीर वाघ के मुकाबला है। अध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल करने वाले मुरली राउत ने अध्यक्ष प्रत्याशी धनेंद्र चंदेल के समर्थन में पहले ही नाम वापस ले लिया है। समिति में लंबे समय तक वोटिंग की स्थिति न बने,

- **अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मुरली राऊत ने लिया नाम वापस**



इसके लिए प्रयास किया गया, लेकिन सहमति नहीं बनने के बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई।

आगामी 4 वर्षीय कार्यकाल सत्र 2026-30 के लिए चुनाव होना है। मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश दीक्षित के मार्गदर्शन एवं सहायक चुनाव अधिकारी संतोष यदु, नारायणदत्त तिवारी और जयंत खिरोडकर के देखरेख में पूरी प्रक्रिया की जा रही है। नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत 9 मई से हुई। 24 मई को मतदान होंगे। इसी दिन देर शाम नतीजे भी घोषित कर दिए जाएंगे। समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 1 मई को सुबह 11 बजे किया गया। इसके बाद 2, 3 एवं 4 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई। दावा-आपत्तियों का निराकरण 6 मई को किया गया। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 8 मई को किया गया। 14 एवं 15 मई को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की गई।

## जिला अस्पताल में बदहाली बजरंग दल ने किया प्रदर्शन



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा सीएमएचओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन जिला अस्पताल दुर्ग में व्याप्त भारी अव्यवस्थाओं, भ्रष्टाचार और मरीजों के प्रति प्रशासन की संवेदनहीनता के विरोध में किया गया। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला अस्पताल वर्तमान में समस्याओं का अड्डा बन चुका है। अस्पताल में चर्म रोग, न्यूरो और ऑर्थो जैसे महत्वपूर्ण विभागों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है, जिससे गरीब मरीजों को निजी अस्पतालों की शरण लेनी पड़ रही है। साथ ही, पिछले 7 महीनों से थायराइड, शुगर और एंटी-रेबीज जैसी जीवन रक्षक दवाइयों का अकाल पड़ा हुआ है।

अस्पताल परिसर में निजी अस्पतालों की एम्बुलेंस का जमावड़ा रहता है। शाम 7 बजे के बाद गर्भवती महिलाओं को भर्ती नहीं ली जाती। अवैध कैंटीन का संचालन हो रहा है। महीनों से बंद पड़े ऑपरेशन थिएटर और दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी करने में देरी की जाती है। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष गौतम जैन, प्रांत संयोजक रतन यादव, प्रिंस राजपूत, कुशल तिवारी, लक्ष्मण यादव, ओम रवि भारती सहित अन्य मौजूद थे।

## 1 जुलाई से मनरेगा की जगह जिले में लागू होगी वीबी जीरामजी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

केंद्र सरकार ने ग्रामीण विकास एवं रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव करते हुए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 को 1 जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करने की घोषणा की है। नई व्यवस्था लागू होते ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह वीबी जीरामजी योजना प्रभावी हो जाएगी। नई योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को केवल मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि गांवों में स्थायी विकास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। इसके तहत जल संरक्षण, ग्रामीण आधारभूत संरचना, आजीविका संवर्धन, जलवायु अनुकूल कार्य तथा स्थानीय संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

- **जल संरक्षण कार्य 10 जून तक पूर्ण करने के निर्देश**

नई व्यवस्था में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी मिलेगी, जो पहले 100 दिनों तक सीमित थी। रोजगार के लिए आवेदन ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा तथा 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। श्रमिकों के बैंक अथवा डाकघर खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। भुगतान में 15 दिनों से अधिक देरी होने पर श्रमिकों को क्षतिपूर्ति राशि भी प्रदान की जाएगी।

योजना के तहत जल संरक्षण संरचनाएं, आंगनबाड़ी भवन, पशुपालन एवं मत्स्य पालन से जुड़े कार्य, कौशल विकास केंद्र, बाढ़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन तथा अन्य ग्रामीण अधोसंरचना निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम पंचायतों की भूमिका को मजबूत करते हुए विकसित ग्राम पंचायत योजना के जरिए ग्राम सभाओं की भागीदारी से स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विकास कार्य तय किए जाएंगे।

योजना को पीएम गतिशक्ति एवं जीआईएस आधारित डिजिटल प्रणाली से भी जोड़ा जाएगा। मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत सभी कार्यों को 15 जून तक पूर्ण करना अनिवार्य होगा। केवल पौधारोपण एवं नर्सरी संधारण कार्यों को जुलाई माह तक जारी रखने की अनुमति दी गई है। नवा तरिया, डबरी एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों को वर्षा ऋतु से पूर्व 10 जून तक पूर्ण करने तथा उनका अंतिम मापन एवं सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री पहुंचा, जो दो दिन पहले था 36 डिग्री सेल्सियस**

# दिनभर उमस से लोग परेशान, शाम को हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्विनसिटी में पूरे दिन लोगों ने उमसभरी गर्मी झेली। शाम को अचानक मौसम बदला। आसमान पर काले बादल छाए और हल्की बारिश हुई। जिससे थोड़ी राहत मिली। हालांकि दिन में पारा फिर से शनिवार को 40 डिग्री सेल्सियस पार चला गया। अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है जो पिछले दो दिन पहले 36 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था। तापमान के बढ़ने की वजह से उमसभरा वातावरण निर्मित हो गया है। लोग पारा बढ़ने, तेज धूप और बदली व बूदांबादी वजह से उमसभरी गर्मी झेल रहे हैं। हाल यह है कि न केवल पूरे दिन बल्कि रात में भी आर्द्रता बढ़ गई है। जिसकी वजह से उमस कम होने का नाम ही नहीं ले रहा। मौसम विभाग के हिसाब से कल रविवार 17 मई को आंधी के साथ बारिश का सिस्टम बन गया है।

- **आज भी आंधी के साथ बारिश का बना सिस्टम**

### मानसून के आगे बढ़ने 3 ऐसी अनुकूल हालात

मौसम विभाग के मुताबिक पहला निकोबार दीप समूह और उसके आसपास अंडमान दीप में अधिकांश स्थानों पर वर्षा की गतिविधि हो रही है। दूसरा पश्चिमी हवा की गति इस क्षेत्र में 35 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे अधिक है। तथा यह वातावरण में 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक पहुंच गया है। तीसरा धरती से जाने वाली दीर्घ तरंग विकिरण इन क्षेत्रों में 200 वॉट प्रति वर्ग मीटर से कम है। इन सभी स्थिति को देखते हुए दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थियां बनी हुई है।



**बंगाल की खाड़ी में ये हलचल :** मौसम विभाग के मुताबिक एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ वह पहले हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू और उससे लगे उत्तर पाकिस्तान के ऊपर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व विदर्भ और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

**आज गरज-चमक के साथ बारिश :** मौसम विभाग के मुताबिक 17 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है।

### भरी गर्मी में बिजली की समस्या

उमस की वजह से लोग हलाकान हैं और बिजली कभी भी आ-जा रही है। चंद्रनगर उमरपोटी, लोकनगर उमरपोटी, न्यू नेहरूनगर , कबीर नगर, नेवई, रिसाली, सुपेला, छावनी, रामनगर, सुंदरनगर, कैंप क्षेत्र , दुर्ग आदि क्षेत्रों में कभी भी बिजली बंद हो रही है। लोगों ने बताया कि सुबह , दोपहर या रात कभी भी बिजली बंद हो जाती है। गर्मी इतनी अधिक है कि बिना एसी-कूलर व पंखे के रहना मुश्किल हो गया है। ऐसे में बिजली बंद करने से और स्थिति खराब हो रही है। शाम को हर दिन मौसम बदलता है वैसे ही बिजली बंद कर दी जाती है। जो कई घंटों तक बंद रहती है।

## सेमिनार में नेटवर्किंग व एरीग्रेशन विषय पर अपने विचार साझा

**भिलाई।** आईसीएआई भिलाई ब्रांच द्वारा एग्रीगेशन ऑफ सीए फर्म्स विषय पर हाफ डे सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 70 सदस्यों ने सहभागिता की। सेमिनार में भिलाई शाखा के पूर्व अध्यक्षगण, वरिष्ठ सदस्य एवं प्रबंध समिति के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जयपुर से आये, आई सी ए आई दिल्ली के कमेटी के चेयरमैन सी ए सतीश गुप्ता रहे। उन्होंने नेटवर्किंग और एरीग्रेशन विषय पर अपने विचार साझा करते हुए वर्तमान समय में सीए फर्म्स के विस्तार, नेटवर्किंग एवं प्रोफेशनल सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बदलते व्यावसायिक परिवेश में एग्रीगेशन एवं सहयोगात्मक कार्य प्रणाली से सीए फर्म्स नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती हैं। सीए सतीश गुप्ता ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीज के विज़न एवं मार्गदर्शन के अनुसार भारत को अपनी स्वयं की बीग 4 स्तर की भारतीय प्रोफेशनल फर्म्स विकसित करनी चाहिए।

वर्तमान में देश में अधिकांश बड़ी कंसल्टेंसी सेवाएं विदेशी बिग 4 फर्म्स के माध्यम से संचालित होती हैं, जबकि वास्तविक कार्य भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा ही किया जाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आईसीएआई की एग्रीगेशन कमेटी द्वारा बनाई जा रही नीतियों के माध्यम से इसी वर्ष भारत में लगभग 20 बड़ी स्वदेशी प्रोफेशनल फर्म्स स्थापित होने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं



**कोलेगांव।** ग्राम रबेली में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम देवी-देवताओं के आर्शीवाद से श्रीशनि देव जयंती एवं तीन दिवसीय मेला कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रवचन के द्वितीय दिवस कथा वाचक आचार्य पं प्रशांत शर्मा ने श्रद्धालुओं को बताया कि परमात्मा ही परम सत्य हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगती है, तब मनुष्य संसार से जुड़ा हुआ भी रहता है और उससे अलग भी हो जाता है। आकाश में बादल रहते हैं और बादल के भीतर भी आकाश तत्व मौजूद रहता है। बादलों के समाप्त हो जाने पर भी आकाश समाप्त नहीं होता। इसी प्रकार संसार नस्वर है, लेकिन परमात्मा शाश्वत हैं। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। पं श्री शर्मा ने कहा कि कण-कण में भगवान श्रीराम का वास है, परमात्मा की शक्ति अनंत है। उन्होंने कहा कि बिनु पद चले, सुने बिनु काना अर्थात भगवान बिना पैरों के चलते हैं, बिना कानों के सुनते हैं और बिना हाथों के भी अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं। वहीं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवणपान कर कथा-सत्संग का लाभ लेने के साथ मेले का आनंद भी उठा रहे हैं।

### शक्ति केंद्र कोलेगांव में संगठनात्मक बैठक संपन्न



**कोलेगांव।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार एवं मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में शक्ति केंद्र प्रभारी एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष चंद्रवंशी द्वारा शक्ति केंद्र कोलेगांव में भाजपा कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मन की बात कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। साथ ही प्रत्येक बूथ कमेटी में व्हाट्सएप ग्रुप बनाने, बूथ स्तर पर भाजपा के छः प्रमुख कार्यक्रमों के सफल संचालन तथा संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस दौरान बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, युवा प्रमुख, महिला प्रमुख एवं बीएलए-2 पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का सक्रियता से निर्वहन करने का आह्वान किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से सोसायटी अध्यक्ष रामाधार शर्मा, संयोजक श्रवण साहू, सह संयोजक परमेश्वर साहू, मुकेश यदु, घनश्याम चंद्रवंशी, संतोष साहू, कृष्णकुमार साहू, प्रेम सिंगरौल, दिनेश साहू, विकलेश साहू, विश्वा ओगरे एवं रामायण यदु उपस्थित थें।

### जिले के सुदूर वनांचल ग्राम ढोलबज्जा पहुंचे राज्यपाल

# हर घर में पढ़ाई का एक कोना हो तभी बच्चे आगे बढ़ेंगे: रमेन डेका

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम ढोलबज्जा पहुंचकर बैगा विद्यार्थियों और बैगा महिला स्व-सहायता समूहों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सपनों, पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि हर घर में एक कोना सिर्फ पढ़ाई के लिए होना चाहिए। तभी बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि भले ही वे स्वयं स्कूल नहीं जा पाए हों, लेकिन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए जरूर स्कूल भेजें। उन्होंने शिक्षा दूत के रूप में कार्य कर रहे शिक्षकों और युवाओं से कहा कि वे ड्रॉप आउट बच्चों को भी फिर से स्कूल से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने विद्यार्थियों को घर और आसपास साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक किया और कहा कि नई पीढ़ी को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनमन योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन स्तर और औसत आयु में सुधार लाना है।

इस दौरान बैगा छात्रा हेमकुमारी ने बताया कि उसने 12वीं कक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और वर्तमान में नीट की तैयारी कर रही है। वहीं गायत्री मेंरावी ने बीएससी नर्सिंग करने की इच्छा जताई। शिक्षा दूत के रूप में कार्य कर रहे नितेश बैगा ने बताया कि वे बैगा बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने और पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हैं।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि यह गर्व की बात है कि अब बैगा समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। डॉक्टर, नर्स और अन्य क्षेत्रों में जाने का सपना देख रहे हैं तथा दूसरे बच्चों को भी प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

#### महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में बेहतर कार्य कर रही




राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की दिशा में बेहतर कार्य कर रही हैं, लेकिन इसमें और अधिक संभावनाएं हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं को वैल्यू एडिशन और प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनके उत्पादों को बेहतर बाजार मिल सके। उन्होंने महिलाओं को ट्राइबल मिलेट्स की खेती और उससे जुड़े उत्पाद तैयार करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक महिलाएं समूहों से जुड़ें और अपने उत्पादों का निर्माण बढ़ाकर स्थानीय बाजारों में विक्रय करें, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सके।

#### क्षेत्र में 248 आवास स्वीकृत

इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि इसमें 4 गांव शामिल हैं, जहां लगभग 1100 की आबादी निवास करती है। उन्होंने जानकारी दी कि यहां जनमन योजना के तहत 248 आवास स्वीकृत किए गए हैं। वहीं बिहान योजना के अंतर्गत 22 स्व-सहायता समूह सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिनमें 18 बैगा समूह शामिल हैं।

## भीषण गर्मी में गौ-सेवा का सराहनीय प्रयास



■ मां अम्बे दुर्गोत्सव समिति ने किया कोटना वितरण।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के कैलाश नगर स्थित मां अम्बे दुर्गोत्सव समिति द्वारा गौमाता की सेवा को सर्वोपरि मानते हुए सराहनीय पहल की गई।

समिति के सदस्यों ने गौ-माताओं के लिए पानी पीने हेतु विभिन्न स्थानों पर कोटना (पानी पात्र) का वितरण किया, ताकि गर्मी के इस मौसम में बेसहारा गौवंश को राहत मिल सके। समिति के इस निःस्वार्थ सेवा कार्य की शहर में जमकर सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि इस तरह के सामाजिक और जनहितकारी कार्यों से समाज में गौ-सेवा और मानवता का संदेश मजबूत होता है।

कार्यक्रम के दौरान समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने नियमित रूप से गौ-सेवा करने का संकल्प भी लिया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि मां अम्बे दुर्गोत्सव समिति द्वारा लगातार जनहित और समाजसेवा से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं तथा भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रहेंगे।

# महंगाई की मार से आम नागरिकों की बढ़ी परेशानी

## पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की कीमत बढ़ने से चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बढ़ती महंगाई से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ता नजर आ रहा है। खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर सीमेंट, घरेलू सामान और रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों तक हर वस्तु महंगी होती जा रही है।

गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के कारण महिलाओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम आदमी का जीवन प्रभावित हो रहा है और परिवार चलाना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है।ग्रामीणो का कहना है कि चुनाव के दौरान कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई, लेकिन परिणाम आने के बाद अचानक दाम बढ़ा दिए गए। इससे आम नागरिक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

लोगों का कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर घरेलू सामान और परिवहन तक हर चीज महंगी हो गई है। महिलाओं ने भी रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर नाराजगी जताई है। बताया जाता है कि उज्जवला योजना के तहत मिले गैस कनेक्शन होने के बावजूद कई परिवार सिलेंडर भरवाने में असमर्थ नजर आ रहे हैं।

लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर की कीमत लगभग 1000 रुपए तक पहुंच गई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीण नागरिकों ने बताया कि कई गरीब परिवार ऐसे हैं जो रोज कमाते और रोज खाते हैं। ऐसे परिवारों के लिए महंगे गैस सिलेंडर और बढ़ते ईंधन दाम बड़ी समस्या बन चुके हैं। लोगों ने सरकार से राहत देने की मांग की।

#### लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा

ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ दुकानदार और कोचिए बढ़े हुए दाम का फायदा उठाकर पेट्रोल 140 रुपए प्रति लीटर तक बेच रहे हैं। इससे आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे मामलों पर कार्रवाई की मांग की है।

# कुकदुर सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू इमरजेंसी ड्यूटी के लिए नया रोस्टर जारी



■ वनांचल क्षेत्र में ओपीडी, आपातकालीन सेवाएं और स्वास्थ्य शिविरों पर विभाग का फोकस।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

#### नया ड्यूटी रोस्टर लागू

अस्पताल में 16 मई 2026 से नया ड्यूटी रोस्टर लागू किया गया है। सोमवार से शनिवार तक डॉ. प्रसंगीना प्रसाद साधु एवं डॉ. लक्ष्मीनारायण के साथ आरएमए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अस्पताल की नियमित सेवाएं पूरी तरह सुचारू हैं।

#### रविवार को भी मिलेगी 24 घंटे इमरजेंसी सेवा

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिनों में भी इमरजेंसी सेवाएं चौबीसों घंटे जारी रहेंगी। प्रथम एवं तृतीय रविवार को डॉ. लक्ष्मीनारायण तथा द्वितीय एवं चतुर्थ रविवार को डॉ. प्रसंगीना प्रसाद साधु आपातकालीन सेवाएं संभालेंगे।

#### गांवों में लग रहे स्वास्थ्य शिविर

कुकदुर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए समय-समय पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में जांच, परीक्षण और निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विभाग का कहना है कि दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्राथमिकता है।

वनांचल क्षेत्र कुकदुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्वास्थ्य सेवाओं को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नया ड्यूटी रोस्टर जारी किया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) पंडरिया ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीणों को नियमित ओपीडी, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लगातार सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार पूर्व प्रभारी डॉ. प्रसंगीना प्रसाद साधु को लेकर प्रशासनिक लापरवाही, जनप्रतिनिधियों से विवाद, स्वास्थ्य कार्यक्रमों में निष्क्रियता और कर्मचारियों से दुर्व्यवहार जैसी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके अलावा दंत चिकित्सा के नाम पर वसूली एवं अप्रशिक्षित सहायकों से इलाज कराने की शिकायतों की भी जांच की जा रही है। जांच प्रभावित न हो, इसके लिए संस्था का भौतिक एवं वित्तीय प्रभार आगामी आदेश तक बीएमओ पंडरिया को सौंपा गया है।

# जल यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में श्रीमती अतुल राजीव शर्मा के निवास पर श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य आयोजन 17 मई से 25 मई तक किया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश एवं जल यात्रा के साथ हुई। श्रद्धालु महिलाओं ने पूरे भक्तिभाव और उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया।

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में श्री हरि की वाग्मयी प्रतिमूर्ति श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का श्रवण कराया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर मानव जीवन को कृतार्थ बनाने की अपील की है।

कथा में राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पंडित रजनीकांत शर्मा, लगरा मुंगेली द्वारा भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के मुख्य यजमान श्रीमती अतुल राजीव शर्मा हैं। आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से नित्य पूजा एवं पारायण तथा दोपहर 3 बजे से कथा का आयोजन राधे कृपा तक किया जाएगा।

वहीं श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के आयोजन से आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। वहीं कथा श्रवणपान करने आसपास क्षेत्र के भक्त जन पहुंचकर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है।

# महिलाओं ने पति की दीर्घायु व सुख समृद्धि के लिए रखा वट सावित्री व्रत

■ पूजा-अर्चना कर मां सावित्री से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



ग्राम कान्हाभैरा में वट सावित्री व्रत का पर्व श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महिलाओं ने पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए वट सावित्री माता का पूजन किया। महिलाओं ने गौरी-गणेश एवं कलश पूजन के बाद वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर 108 बार परिक्रमा लगाई तथा मां सावित्री से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा।

वहीं ग्रामाचार्य पं. प्रशांत शर्मा द्वारा विधिवत पूजन संपन्न कराया गया। तत्पश्चात उन्होंने वट सावित्री व्रत कथा का श्रवण कराया। कथा में देवी पार्वती और भगवान शंकर के संवाद के माध्यम से माता सावित्री और सत्यवान की अमर कथा सुनाई गई।

बताया गया कि किस प्रकार सावित्री ने अपने अटूट पतिव्रत, तप और निष्ठा के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए और अपने परिवार को पुनः सुख-समृद्धि दिलाई। कथा के दौरान बताया गया कि सावित्री ने जेठ अमावस्या के अवसर पर व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की थी। उनके अटूट समर्पण और पति के प्रति प्रेम से प्रसन्न होकर यमराज ने सत्यवान को पुनर्जीवन प्रदान किया।

इसी मान्यता के अनुसार विवाहित महिलाएं वट सावित्री व्रत रखकर पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं। पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

महादेव बाबा के पावन सानिध्य में महिलाओं ने श्रद्धा के साथ व्रत पूजन किया तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी एवं शरबत वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामाचार्य पं. प्रशांत शर्मा, नवीन चंद्रवंशी, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, संस्कृति, पूर्वी, अंशु, मनीष सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थें।

### भावना बोहरा ने 65.64 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# गांव-गांव पहुंच रहा विकास: विधायक




हरिभूमि न्यूज ⏭रणवीरपुर

पंडरिया विधानसभा में विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के गांव-गांव में विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं। रविवार को विधायक भावना बोहरा ने ग्राम रणवीरपुर में 65 लाख 64 हजार से अधिक के विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित महतारी सदन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के उन्नयन कार्य, बूढ़ादेव मंदिर के सामने सामुदायिक भवन तथा माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष कुल 51 लाख 14 हजार से अधिक के कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 14 लाख 50 हजार की लागत से सामुदायिक भवन, अटल समरसता भवन एवं अटल डिजिटल सुविधा केंद्र निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि इन कार्यों के माध्यम से क्षेत्र में सामाजिक, शैक्षणिक एवं डिजिटल सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी जिसका सीधा लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा तथा ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सुविधाजनक स्थान प्राप्त होगा।

प्रदेश सरकार के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, अधोसंरचना एवं ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना एवं जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु ठोस कदम उठाए जा रहें हैं और आज रणवीरपुर में महतारी सदन का लोकार्पण इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह भवन हमारी मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। महतारी सदन हमारे गांव और क्षेत्र की महिलाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करेगा, जहां वे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगी। जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तब परिवार मजबूत होता है, समाज आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचता है। इसी सोच के साथ प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज लोकार्पित यह महतारी सदन महिलाओं के लिए बैठक, प्रशिक्षण, सामाजिक आयोजनों एवं स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों का केंद्र बनेगा। यहां से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने कौशल को विकसित करने और समाज में अपनी सहभागिता बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

### दुर्ग विविः रोके गए परीक्षा परिणाम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग अपने रोके गए परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए है। इसमें वार्षिक सेमेस्टर/ पूरक/ एटीकेटी/ भूतपूर्वी विशेष परीक्षा सत्र जिसमें से सत्र-2018, 2019, 2020, 2023 तथा 2024 के परीक्षा परिणाम घोषणा-उपरांत विभिन्न परीक्षा के विद्यार्थियों के रोके गए परिणाम दुर्ग विवि ने परीक्षा परिणाम (विथेल्ड) शामिल है।

### किरण वर्मा होगी भाजपा की अध्यक्ष प्रत्याशी

**राजनांदगाव।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी 1 जून को होने वाले नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर घुमका नगर पंचायत के लिए अध्यक्ष पद के रूप में किरण वर्मा पति एकलव्य वर्मा को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडे ने आज देर रात अध्यक्ष पद के रूप में किरण वर्मा की घोषणा की है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### इंदौरी-पनेका के बीच दो ट्रकों की जोरदार भिड़ंत

**कवर्धा।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-30 पर सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने लोगों को दहला दिया। इंदौरी और पनेका के बीच रात करीब 11 बजे दो ट्रकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क किनारे एक ओवरलोड ट्रक खड़ा था। दुर्घटना के बाद मार्ग बाधित रहा।

### डॉ. समीर को उल्लेखनीय कामयाबी

**छुईखदान।** छुईखदान के युवा चिकित्सक डॉ. समीर रजक ने डीएनबी- पीडीसीईटी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 177 प्राप्त कर पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। डॉ. समीर रजक की प्रारंभिक एवं हायर सेकेंडरी शिक्षा छुईखदान में हुई थी। बचपन मेधावी डॉ. रजक ने अपनी लगन और परिश्रम के दम पर चिकित्सा क्षेत्र में यह उपलब्धि हासिल की है। इसके पश्चात उन्होंने पं जवाहरलाल मेरोरियल मेडीकल कालेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण की। उन्होंने स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की पढ़ाई राजस्थान के पाली जिले से पूर्ण किया। डॉ. रजक की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता गिरिराज, गिरिराज किशोर दास, संजीव दुबे, देवराज किशोर दास, मनोज चौबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, दीपक देशमुख, संजय शर्मा, नीलम वैष्णव, दीनदयाल यदु, आदित्य देव वैष्णव, आशु खान, सुधीर जैन, आलोक यादव ने डॉ. रजक को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी है।

### मंदिर में शनि जन्मोत्सव की धूम

**डोंगरगांव।** नगर में स्थित शनि मंदिर में शनि जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया । श्री शनि मंदिर की संचालिका उमाराजे राजपूत ने बताया कि प्रातः 5 शनि देव का अभिषेक, हवन पूजन हुआ। शनि दर्शन करने दिनभर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। दिन भर प्रसाद वितरण किया गया। यह मंदिर नवग्रह मन्दिर के साथ स्थापित है। यहाँ दूर दूर से लोग दर्शन करने आते हैं।

### नए थाना प्रभारी ने संभाला पदभार

**खड़गांव।** पुलिस अधीक्षक ने जिले पदस्थ निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों का तबादला किया जिसके चलते खडगांव थाना निरीक्षक संजय यादव को सीतागांव थाने का प्रभार सौंपा गया। वहीं पाटनखास के उपनिरीक्षक गणेशराम यादव को खडगांव थाना का प्रभार दिया गया। रविवार को नव पदस्थ थाना प्रभारी गणेशराम यादव ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने जवानों से उनका परिचय जाना और नए तरीके से मिलजुलकर कार्य करने के टिप्स साझा किया। श्री यादव ने कहा कि पुलिस आमजनों की सुरक्षा के लिए है और आमजन हमारे मित्र स्वरूप है इसलिए पुलिस को मित्र समझकर परेशानी को निःसंकोच बता सकते है। व्यापारी संघ के जितेंद्र गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, तकिया सेठ, चाहत तंबोली, ओमप्रकाश शर्मा, तोमन साहू, भीखम रावटे, रुपेश गुप्ता, लक्की गुप्ता आदि ने यादव को पदभार ग्रहण करने पर ढेर बधाई दी है।

### पुलिस कर्मी का फांसी के फंदे में लटका मिला शव

**कवर्धा।** जिले में उस समय सनसनी फैल गई, जब पुलिस विभाग में पदस्थ एक हेड कांस्टेबल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के लालपुर खार इलाके की है। मृतक की पहचान बहादुर सिंह मेरावी आयु 38 वर्ष के रूप में हुई है, जो पुलिस विभाग की एसआईबी शाखा में पदस्थ था और वर्तमान में रायपुर पीएचक्यू में अटैच बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान बहादुर सिंह मेरावी आयु 38 वर्ष निवासी ग्राम अंजना रेंगाखार के रूप में हुई है।

# जर्जर उप स्वास्थ्य केंद्र में जान जोखिम में डालकर इलाज कराने को मजबूर ग्रामीण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला**

जिले के बेरला विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिंगारडीह स्थित शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति को लेकर गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।

जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी और लंबे समय से रखरखाव के अभाव में यह दो मंजिला भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भवन की दीवारों में जगह-जगह गहरी दरारें पड़ गई हैं, प्लास्टर उखड़ रहा है और छत भी कमजोर दिखाई दे रही है। ऐसे हालात में यहां इलाज कराने पहुंचने वाले ग्रामीणों और ड्यूटी कर रहे स्वास्थ्य कर्मचारियों की जान हर पल खतरे में बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। भवन की हालत इतनी खराब है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद मजबूरी में लोगों को इसी भवन में इलाज कराना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा उच्च अधिकारियों को लिखित सूचना देकर भवन की जर्जर स्थिति से अवगत कराया जा चुका है, परंतु अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं और जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## हादसे का इंतजार कर रहा प्रशासन

### सीमित संसाधनों के भरोसे पांच गांवों की स्वास्थ्य व्यवस्था

सिंगारडीह उप स्वास्थ्य केंद्र पर सिंगारडीह सहित खंगारपाठ, बोहारडीह, गाड़ामोर और खमतराई गांवों के सैकड़ों ग्रामीण निर्भर हैं। शासन के नियमों के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, टीकाकरण केंद्र, सुरक्षित प्रसव कक्ष और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, लेकिन यहां संसाधनों की भारी कमी बनी हुई है। स्थिति यह है कि केंद्र में स्वीकृत चार पदों में केवल दो पदों पर ही कर्मचारी पदस्थ हैं। यहां वर्तमान में केवल एक सीएचओ और एक आरएचओ कार्यरत हैं, जबकि दो महत्वपूर्ण पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। सीमित स्टाफ और बदहाल भवन के कारण गंभीर मरीजों को करीब पांच किलोमीटर दूर गुधेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर करना पड़ता है।



### सुरक्षित प्रसव का लक्ष्य, लेकिन भवन ही असुरक्षित

एक ओर स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और सुरक्षित प्रसव के बड़े-बड़े दावे करता है, वहीं दूसरी ओर इस जर्जर भवन में स्वास्थ्यकर्मियों को हर महीने सुरक्षित प्रसव कराने का लक्ष्य दिया जा रहा है। सवाल यह उठता है कि जिस भवन की दीवारें और छत कभी भी गिर सकती हैं, वहां गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? ग्रामीणों में इस लापरवाही को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय तत्काल नए भवन के निर्माण या पुराने भवन की व्यापक मरम्मत का कार्य शुरू करे, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

**सियासत :** देवेंद्र यादव बोले- 300 से ज्यादा गौवंश मरने के बाद भी नहीं चेती सरकार

# शिवनाथ पुल पर काऊ कैचर का वीडियो वायरलः बदहाल गौवंश देख भड़की सियासत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नवागढ़**

बेमेतरा जिले में गौवंशों को लेकर विवाद अब बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया है। शनिवार को धमधा के पास शिवनाथ नदी के पुराने पुल के नीचे नगर पंचायत नवागढ़ का काऊ कैचर वाहन दिखाई देने और उसमें





बदहाल हालत में गौवंश मिलने के बाद जिले में हड़कंप मच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही कांग्रेस ने भाजपा सरकार और प्रशासन पर तीखे सवाल खड़े कर दिए।

ग्रामीणों के मुताबिक वाहन में घायल और कमजोर हालत में गौवंश मौजूद थे। सोनेसरार सहित आसपास के ग्रामीणों ने वाहन रोककर चालक से पूछा कि मवेशियों को कहां ले जाया जा रहा है और इसके दस्तावेज क्या हैं, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। मौके पर कुछ देर तनाव की स्थिति बनी रही। बाद में पुलिस हस्तक्षेप के बाद वाहन को रवाना किया गया।

मामले ने तूल तब पकड़ा जब भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने वायरल वीडियो को लेकर भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नवागढ़ क्षेत्र में 300 से अधिक गौवंशों की मौत के बाद अब सरकारी वाहन से गौमाताओं को पुल के नीचे फेंकने का वीडियो सामने आना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और प्रशासन पूरे मामले को दबाने में लगे हैं, लेकिन अब सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है। गौभक्ति का दावा करने वालों के शासन में गौमाताओं के साथ ऐसी क्रूरता अस्वीकार्य है। विधायक ने आरोप लगाया कि यदि गौशालाओं और गौधामों में सही व्यवस्था होती तो ऐसी नौबत नहीं आती। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि कांग्रेस इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी।

इधर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने भी सरकार को घेरते हुए कहा कि गौमाता के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार को जवाब देना चाहिए कि नवागढ़ की सरकारी गाड़ी गौवंशों को आखिर कहां ले जा रही थी। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो में मृत गौमाता और बदहाल गौवंश साफ दिखाई दे रहे हैं। यह दृश्य किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर सकता है। भाजपा की तथाकथित गौभक्ति अब केवल दिखावा साबित हो चुकी है, उन्होंने कहा। प्रांजल तिवारी ने आरोप लगाया कि नवागढ़ में गौमाताओं के साथ हो रही कथित क्रूरता ने भाजपा सरकार की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। उन्होंने इसे "संरक्षण प्राप्त अमानवीयता" बताते हुए कहा कि जनता इस पूरे मामले का जवाब जरूर देगी।

## युवा कांग्रेस ने कहा- गौभक्ति सिर्फ दिखावा






### पहले भी उठ चुका है गौवंश मौत का मामला

गौरतलब है कि नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उसलापुर-झिरिया में पहले भी बड़ी संख्या में गौवंशों की मौत का मामला सामने आया था। जनपद सदस्य दीपक दिनकर ने मानव निर्मित जंगल क्षेत्र में गौवंशों की मौत का मुद्दा उठाया था। इसके बाद प्रशासन ने गौवंशों को दूसरी जगह शिफ्ट करने की बात कही थी, लेकिन व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। अब शिवनाथ पुल के पास वायरल वीडियो सामने आने के बाद जिले में गौवंशों की सुरक्षा और गौशालाओं की स्थिति फिर चर्चा के केंद्र में आ गई। नगर पंचायत नवागढ़ के सीएमओ टामसन रात्रे ने कहा कि बेमेतरा एसडीएम द्वारा झिरिया क्षेत्र के मवेशियों के व्यवस्थापन के लिए नवागढ़ नगर पंचायत के वाहन की मांग की गई थी। उसी निर्देश के तहत वाहन भेजा गया था। उन्होंने कहा कि आगे की जानकारी उन्हें नहीं है।

# सीबीएसई 12वीं परीक्षा में बेरला की बेटियों का जलवा, जुड़वां बहनों सहित तीन छात्राओं ने बढ़ाया मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला**



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं परीक्षा में नगर बेरला की तीन होनहार बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्राओं की इस सफलता से परिजनों और नगरवासियों में खुशी का माहौल है।

बेमेतरा स्थित एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल की छात्रा चीनी जैन ने 87 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं नगर बेरला के प्रतिष्ठित व्यापारी फत्तेलाल जैन की जुड़वां बेटियां माही जैन और मेघा जैन ने क्रमशः 87 प्रतिशत एवं 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। एक साथ तीन बेटियों की इस उपलब्धि से जैन परिवार सहित पूरे नगर में उत्साह देखा जा रहा है। परिजनों, शुभचिंतकों और विद्यालय परिवार ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का यह शानदार परिणाम है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

# बेमेतरा में खुलेंगे 101 पशु प्याऊ एवं भोजन घर



**बेमेतरा।** भीषण गर्मी में मूक पशु-पक्षियों को राहत पहुंचाने समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी द्वारा जिले में 101 पशु प्याऊ घर एवं भोजन घर खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पशु-पक्षियों की सेवा करना हम सभी की जिम्मेदारी है और हर व्यक्ति को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। ब्रह्माकुमारी प्रमुख शशि ने कहा कि पशु-पक्षी एवं मानव सेवा से ही मनुष्य श्रेष्ठ बनता है। उन्होंने लोगों से गर्मी में जीवों के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था करने की अपील की।

# नवागढ़ में भव्य शोभायात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

## 25 मई तक गूंजेगा भक्ति रस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़**

नगर नवागढ़ में रविवार को भव्य शोभायात्रा के साथ संगीत मय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। धार्मिक माहौल और जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक शोभायात्रा में भाग लिया और जगह-जगह श्रद्धा भाव से स्वागत किया गया।

कथा आयोजन 25 मई तक चलेगा, जिसमें कथा व्यास पंडित संतोष शर्मा प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन स्थल पर पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। यह धार्मिक आयोजन नीमा सुरेंद्र सिंह की मेजबानी में संपन्न हो रहा है। आयोजन में गाड़ा मोर निवासी




विकास सिंह, गुड़िया सिंह, शिवेश स्वपनीली सिंह ठाकुर परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सक्रिय रूप से सहभागी बने हुए हैं।

भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा और भक्ति गीतों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

गांव-गांव तक पहुंचा अवैध शराब का जाल

# बेरला में बेलगाम अवैध शराब कारोबार! गांव-गांव में कोचियों का नेटवर्क, आबकारी विभाग मौन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला**

बेरला विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों अवैध शराब का कारोबार इस कदर फैल चुका है कि गांवों का सामाजिक माहौल पूरी तरह प्रभावित होने लगा है। हालत यह है कि हर गली-मोहल्ले में शराब कोचिए बेखौफ होकर खुलेआम शराब बेच रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार आबकारी विभाग कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाता नजर आ रहा है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों का आरोप है कि शासन-प्रशासन के सख्त निर्देशों के बावजूद बेरला आबकारी सर्किल क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर कोई प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। गांवों में शराब की आसान उपलब्धता के चलते आए दिन आपसी विवाद, घरेलू हिंसा, मारपीट और अशांति




जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। सामाजिक ताना-बाना धीरे-धीरे बिखरता नजर आ रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग मौन साधे बैठा है। जानकारी के मुताबिक बेरला ब्लॉक के कई गांवों में बड़े पैमाने पर रोजाना अवैध शराब खपाई जा रही है। शराब कोचियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बिना किसी डर के खुलेआम अपना कारोबार संचालित कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई सिर्फ छोटे स्तर तक सीमित रहती है, जबकि असली कारोबारी और मुख्य सप्लायर आज भी कानून की पकड़ से बाहर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली केवल कागजी कार्रवाई तक सिमट गई है। कभी-कभार की जाने वाली छापेमार कार्रवाई सिर्फ दिखावे तक सीमित रहती है, जिससे अवैध कारोबारियों पर कोई खास असर नहीं पड़ता। यही वजह है कि गांवों में शराब माफियाओं का नेटवर्क लगातार मजबूत होता जा रहा है।

### तीन दर्जन गांव अवैध कारोबार की चपेट में

बताया जा रहा है कि बेरला विकासखंड में शासकीय मदिरालयों की संख्या बेहद कम होने का फायदा अवैध शराब कारोबारी उठा रहे हैं। क्षेत्र के करीब तीन दर्जन गांव इस अवैध कारोबार की चपेट में आ चुके हैं। सरदा से भिम्भौरी, घटिया से पाहन्दा, बोरसी से कोदवा और कठिया से चण्डी तक कई गांवों में खुलेआम शराब बेचे जाने की चर्चा है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही गांवों में शराब बिक्री का दौर शुरू हो जाता है, जिससे युवाओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। कई परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना कर रहे हैं। महिलाओं और बुजुर्गों में इस स्थिति को लेकर गहरी चिंता देखी जा रही है। क्षेत्र में बढ़ते अवैध कारोबार को लेकर आबकारी विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। यही कारण है कि शराब कोचियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गांवों में बिगड़ते सामाजिक माहौल को सुधारा जा सके और कानून व्यवस्था कायम रह सके।

नीम-पीपल का अद्भुत संगम टूटा

# आंधी-बारिश में धराशायी हुआ 130 साल पुराना 'हरिशंकरी' वृक्ष, ग्रामीणों की आंखें हुई नम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा**

जिले के ग्राम कठिया में बीती रात आए तेज आंधी-तूफान ने गांव की वर्षों पुरानी पहचान को मिटा दिया। गुरु घासीदास मंदिर के पास स्थित लगभग 130 वर्ष पुराना विशाल नीम का पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया। खास बात यह रही कि उसी नीम के तने पर एक विशाल पीपल का वृक्ष भी उगा हुआ था, जिसे ग्रामीण श्रद्धापूर्वक "हरिशंकरी" वृक्ष के नाम से पूजते थे। पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के जिला सचिव गणेश कुमार साहू ने बताया कि यह दुर्लभ वृक्ष गांव की आस्था और पर्यावरण का प्रमुख केंद्र था। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार नीम और पीपल का यह अद्भुत संगम करीब 130 से 140 साल पुराना था।

गर्मी के दिनों में इसकी घनी छांव पूरे मोहल्ले को शीतलता प्रदान करती थी और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह विश्राम स्थल बना रहता था। ग्रामीणों का कहना है कि पीपल और नीम का यह संगम धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना जाता था। लोग यहां पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करते थे। आंधी के दौरान वृक्ष गिरने से मंदिर मार्ग भी अस्थायी रूप से बाधित हो गया। हालांकि किसी जनहानि की खबर नहीं है। घटना के बाद गांव में मायूसी का माहौल है।

ग्रामीणों ने दुख जताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक पेड़ नहीं, बल्कि गांव की पुरानी यादों, आस्था और प्रकृति का जीवंत प्रतीक था। लोगों ने प्रशासन और समाजसेवियों से नए पौधरोपण की मांग करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

